कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री मानसिंह गुर्जर पुत्र श्री रामगोपाल गुर्जर निवासी आशपुरा वार्ड नंबर 2, पोस्ट बांदीकुई जिला दौसा –303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/तहसीलदार बसवा

अपील संख्या 05/2023

निर्णय दिनांक 17.02.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा व तहसीलदार बसवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा व तहसीलदार बसवा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा एवं तहसीलदार बसवा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2023/155–156 दिनांक 19.01.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा ने पत्र कमांकः आरटीआई/2023/97 दिनांक 19.01.2023 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा से संबंधित होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (3) में स्थानान्तरित किया गया था। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा को पत्र कमांकः 98दिनांक 19.01.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा ने बाद निर्देशों के अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है।ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा जिला दौसा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के अंदर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। कार्यवाही पश्चात पत्रावली पश्चिष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.07.28 12:49:07 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर,दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official